कांग्रेसजन टकटकी लगाए हैं कि सत्ता में भागीदारी मिलेगी भी या नहीं

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को बने हुए तीन साल पूरे हो चुके हैं और तीन साल का कार्यकाल करने के बाद सरकार अपने चौथे साल में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे में निसंदेह सरकार बनाने में सहयोग करने वाले तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह आस जरूर होती है कि उन्होंने विपक्ष में रहते हुए सड़कों पर जो संघर्ष किया उसके बदले में उन्हें सत्ता में कहीं ना कहीं कोई भागीदारी जरूर मिले। हालांकि वादों और आश्वासनों में हमेशा संघर्ष करने वाले उन नेताओं कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी का सपना जरूर मिलता रहा है, लेकिन सरकार के तीन साल पूरे हो जाने के बावजूद अधिकांश नेता और कार्यकर्ता आज भी सरकार की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं कि उन्हें सत्ता में भागीदारी मिलेगी भी या नहीं।

राजस्थान में 2018 में जब विधानसभा चुनाव हुए थे, तो हालात अलग थे और 2020 में हालात अलग बने और अब जब 2021 समाप्त होने जा रहा है तो हालात कुछ और हैं। इन हालातों के बीच नेता जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता में बने हुए हैं या सत्ता का लाभ ले रहे हैं उन्हें बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा। दूसरी ओर जैसे समय गुजर रहा है, वैसे-वैसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर इस बात का असर जरूर पड़ रहा है, जो सोचते थे कि विपक्ष में रहते हुए हम जो संघर्ष कर रहे हैं, उसके बदले हमें कहीं ना कहीं कुछ सत्ता की भागीदारी मिल ही जाएगी। अब जब तीन साल का कार्यकाल कांग्रेस सरकार पूरा कर चुकी है, तो संघर्ष करने वाले कांग्रेसजनों की आस टूटती नजर आ रही है।

दरअसल 2018 में कांग्रेस की सरकार आने के बाद पहले तो मुख्यमंत्री पद के लिए अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच संघर्ष चला। वह संघर्ष समाप्त हुआ और मुख्यमंत्री के रूप में अशोक गहलोत, तो उप मुख्यमंत्री के रूप में सचिन पायलट ने शपथ ली। उसके बाद लग रहा था कि शांति से सरकार अपना कार्यकाल जारी रखेंगी, लेकिन 2020 में सरकार में अधिकारों की लड़ाई को लेकर आंतरिक संघर्ष शुरू हुआ और डेढ़ महीने से ज्यादा समय तक, एक ओर मुख्यमंत्री अशोक

- **वर्तमान कांग्रेस सरकार का चौथे साल का कार्यकाल शुरु हो चुका है**
- **कांग्रेसजनों के लिए सत्ता की भागीदारी अभी तक वादों और आश्वासनों तक सीमित**

गहलोत के साथ कांग्रेस, निर्दलीय, बसपा और बीटीपी के विधायक बाड़ेबंदी में रहे, तो एक ओर सचिन पायलट के साथ कांग्रेस के 18 विधायक बाड़ेबंदी में रहे। इस सत्ता के बंटवारे के संघर्ष के बाद कांग्रेस आलाकमान के बीच बचाव के चलते समझौता हुआ।

हालांकि समझौता लागू होने में डेढ़ साल से ज्यादा का समय लगा, क्योंकि कोरोना और अन्य हालातों के चलते वह समझौता लागू नहीं हो पाया। अब जब समझौता लागू हो चुका है और विधायकों को मंत्री पद फिर से मिल चुके हैं। तो अब इस सत्ता के बंटवारे में सिर्फ कार्यकर्ता ही रह गए हैं, जिन्हें की सत्ता की भागीदारी मिलनी है। लेकिन प्रभारी अजय माकन हों, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हों, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट हो, या वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा। सभी कांग्रेस के संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी की बात तो कर रहे हैं, लेकिन सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बावजूद अभी तक कार्यकर्ताओं को भागीदारी मिलना दूर की कौड़ी नजर आ रहा है।

हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गरीबी कहते हैं कि बहुत सारे स्थानीय निकायों में मनोनीत पार्षद बनाए गए हैं जो कि सत्ता में भागीदारी ही है। दूसरी ओर जिन लोगों को अभी तक भागीदारी का इंतजार है, वह कहते हैं कि सत्ता में भागीदारी का असली मजा तो वह अफसरशाही लूट रही है, जो पहले अधिकारी बनकर राज कर रहे थे और अब उनके लिए पद समायोजित किए गए हैं। ऐसे में जब साल 2021 समाप्ति की ओर है तो सत्ता में भागीदारी की आस लगाए बैठे कांग्रेसजनों की आस इस साल से तो टूट चुकी है और उन्हें अब संभावना है कि 2022 की शुरुआत में उन्हें सत्ता में भागीदारी जरूर मिलेगी।

इस बीच बुधवार-गुरुवार की अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और राजस्थान के प्रभारी महासचिव अजय माकन से मिलकर सदस्यता अभियान और 26 से 28 दिसंबर तक जयपुर में होने वाले प्रशिक्षण शिविर को लेकर चर्चा की, तो दूसरी ओर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट ने भी अजय माकन से मुलाकात की और इस मुलाकात का मकसद यही बताया जा रहा है कि उनके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए जिन लोगों ने संघर्ष कर कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाया है, उन्हें अब बाकी बचे हुए दो साल में सत्ता की भागीदारी दी जानी चाहिए। अब देखना यह है कि कांग्रेस की सरकार के राजस्थान में बचे हुए दो साल के कार्यकाल में कितने कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी मिल पाती है।

कोविड प्रोटोकॉल की पालना नहीं करने पर उठाने पड़ेंगे सख्त कदम : गहलोत

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को उनके निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कोविड समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि ओमिक्रोन के मामले सामने आने के मद्देनजर प्रदेशवासी कोविड प्रोटोकॉल और नाइट कर्फ्यू की प्रभावी पालना करें, नहीं तो राज्य सरकार सख्त कदम उठाने पड़ेंगे।

गहलोत आज मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कोविड समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में ओमिक्रॉन वेरिएंट तेजी से फैल रहा है। देश के कई राज्यों में भी इसके मामले सामने आने के कारण वापस सख्ती बरतना शुरू कर दिया गया है। ऐसे में प्रदेशवासी कोविड प्रोटोकॉल और नाइट कर्फ्यू की प्रभावी पालना करें। अन्यथा राज्य सरकार सख्त कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण शीघ्र अनिवार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आमजन ओमिक्रॉन वेरिएंट को गंभीरता से लें और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। आमजन आवश्यक रूप से मास्क पहनें और भीड़भाड़ से बचें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुछ दिनों तक अभियान चलाकर

- **मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि कोई भी टीका लगवाने से मना न करे**
- **'केन्द्र बूस्टर डोज और बच्चों के टीकाकरण पर शीघ्र ले निर्णय'**
- **तमिलनाडु की तर्ज पर पात्र व्यक्तियों के लिए अनिवार्य टीकाकरण लागू किया जा सकता है : परसादी लाल मीणा**

आमजन को मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड की तीसरी लहर से बचाव के लिए जरूरी है कि निर्धारित आयु समूह का शत-प्रतिशत टीकाकरण हो। साथ ही, जिन्हें दोनों डोज लग चुकी है उन्हें बूस्टर डोज लगे।

गहलोत ने कहा है कि कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए केन्द्र सरकार को शीघ्र निर्णय लेकर देशभर में बूस्टर डोज लगाना शुरू करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार 60 साल से ऊपर के लोगों एवं फ्रंटलाइन वर्कर को बूस्टर डोज लगाने पर गंभीरता से विचार करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य सरकार आग्रह करेगी कि पात्र व्यक्तियों को बूस्टर डोज लगे और बच्चों के लिए भी टीकाकरण शुरू किया जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा है कि विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियों का सम्पूर्ण टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशों से आने वाले आगंतुकों पर विशेष निगरानी दल द्वारा नजर रखी जाएगी, जिससे संक्रमित व्यक्ति की पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर पात्र व्यक्तियों के लिए अनिवार्य टीकाकरण लागू किया जा सकता है।

बारां में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका सांसद दुष्यंत सिंह का पुतला

- **बारां मामले पर प्रदेश नेतृत्व, राष्ट्रीय नेतृत्व को पेश करेगा अपनी रिपोर्ट**
- **बहुमत के बाद भी बारां में हार, भाजपा में इस्तीफे का सिलसिला शुरू**
- **गुलाब चंद कटारिया ने कहा ''चाहे बीजेपी हो या कांग्रेस, प्रमुख वह बनता है जिसकी जेब में पैसा है''**

जयपुर। बारां जिला परिषद चुनाव में बहुमत होने के बावजूद पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रमोद जैन भाया की पत्नी कांग्रेस की उर्मिला जैन भाया जिला प्रमुख बन गई। उसके बाद गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके पुत्र सांसद दुष्यंत सिंह का पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खेर नहीं जैसे नारे लगाए। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पुत्र और सांसद दुष्यंत सिंह के कार्यालय में तोड़फोड़ का मामला गर्माया हुआ है।

वहीं बारां में हुई हार के बाद शहर भाजपा महामंत्री बद्रीप्रसाद मेघवाल ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि क्रॉस वोटिंग से आहत हूं, इसलिए महामंत्री पद से इस्तीफ देता हूं। अब मैं भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता हूं। वहीं युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू खींची ने भी क्रॉस वोटिंग से आहत होकर पद से इस्तीफा दिया है।

मामले को लेकर बारां भाजपा में कई इस्तीफे हुए हैं। वहीं पूरे मामले पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व जल्द ही इस मामले पूरी रिपोर्ट भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को पेश करेगा। पूरे मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि पार्टी को इस पूरे मामले का ऑपरेशन करना चाहिए और कोई माफीनामा मंजूर नहीं होना चाहिए। कटारिया ने इसे सामान्य घटना नहीं बताया और कहा कि संगठन में जहां भी इस मसले पर बात होगी अपना पक्ष रखने के साथ ही अपनी राय भी दूंगा। मैं वहां की स्थिति से इतना ज्यादा परिचित नहीं हूं। इस उलटफेर को लेकर तो नहीं बता सकता लेकिन बहुमत होने के बाद भी भी हम अपना जिला प्रमुख नहीं बना पाए। इसलिए ईमानदारी से इसका पोस्टमार्टम करते हुए जो भी इसमें लिप्त है, उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। पंचायती राज चुनाव के परिणामों पर कटारिया ने कहा कि सरकार का केवल अपनी पीठ थपथपाने का धंधा है। सरकार को यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्हें मैंडेट मिल गया। जनता तीन साल के काम पर खुश कतई नहीं है। कटारिया ने यह भी माना कि चाहे बीजेपी हो या कांग्रेस, प्रमुख वह बनता है जिसकी जेब में पैसा है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के तापीय विद्युत गृहों ने 21 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया : भाटी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के तापीय विद्युत गृहों में स्थापित 7580 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में से 7080 मेगावाट क्षमता की इकाईयां संचालित की जा रही है। यह उत्पादन निगम के गठन जुलाई 2000 से लेकर अब तक 21 वर्षों से अधिक समय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के प्रबन्धन एवं समस्त कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के कोयला आधारित विद्युत गृहों में स्थापित तापीय इकाइयों की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता अक्टूबर में सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युत गृह की इकाई संख्या 8 से वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात् 6920 मेगावाट से बढ़कर 7580 मेगावाट हो चुकी है। जिसमें से 7080 मेगावाट क्षमता की इकाईयां संचालित की जा रही है। विद्युत उत्पादन निगम के विभिन्न विद्युत गृहों की कुल 500 मेगावाट क्षमता की 2 इकाईयां तकनीकी कारणों से बंद है जिनमें से सूरतगढ़ तापीय विद्युत गृह की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 2 एवं छबड़ा तापीय विद्युत गृह की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 4 बंद है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर कर तापीय विद्युत गृहों के सभी अभियंताओं एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए बताया कि निगम के कुशल अभियंताओं की देखरेख एवं अनवरत मेहनत द्वारा बेहतर रखरखाव, कुशल वार्षिक अनुरक्षण तथा श्रेष्ठ संचालन के कारण ही इस सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को हासिल किया गया है। उन्होंने आशा प्रकट की है कि भविष्य में भी इसी प्रकार उत्पादन निगम अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य की विद्युत आपूर्ति में अपना विशिष्ट योगदान देता रहेगा।

प्रदेश में पिछले 35 दिन में करोना संक्रमण से 8 लोगों की मौत हुई

राज्य में शुक्रवार को झुंझुनूं में भी करोना से एक मरीज की मौत हुई है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में करोना संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ ही इससे होने वाली मौतों के आंकड़े में भी वृद्धि होने लगी है। राज्य में शुक्रवार को 42 नए संक्रमित मिलने के साथ ही एक मरीज की मौत भी हुई है। हालांकि इस बीच नए संक्रमितों के बराबर रिकवरी होने से एक्टिव केस 244 पर बने हुए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को थोड़ी और वृद्धि होने के बाद 9 जिलों में 42 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को 39 रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे ज्यादा 18 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 6, अजमेर में 5, बीकानेर में 4, प्रतापगढ़ में 3, उदयपुर व भीलवाड़ा में 2-2 तथा सिरोही और श्रीगंगानगर में 1-1 नया संक्रमित पाया गया है। उधर राजधानी जयपुर में करोना संक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा हैं। पिछले चौबीस घंटों में शहर के 13 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सी-स्कीम, माणक चौक, स्टेशन रोड, वैशाली नगर और विद्याधर नगर में 2-2 जबकि बस्सी, सिविल लाइन, दुर्गापुरा, गांधी नगर, गुर्जर की थड़ी, झोटवाड़ा, मालवीय नगर और तिलक नगर में 1-1 नया मरीज मिला है। इस बीच राज्य के 24 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। इनमें 9 जिले ऐसे है जहां फिलहाल न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस मौजूद है।

- **स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में 9 जिलों में 42 नए संक्रमित मिले हैं।**
- **जयपुर में सबसे ज्यादा 18 नए मरीज पाए गए हैं।**

प्रदेश में शुक्रवार को नए संक्रमितों के बराबर 42 ही मरीज ठीक होने से एक्टिव केस 244 पर ही बने हुए है। हालांकि इनमें सबसे ज्यादा 107 मामले जयपुर में और 26 केस अजमेर जिले में हैं। बाकी 22 जिलों में 20 से कम मामले बचे हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण से झुंझुनू में एक मरीज की मौत हो गई है। इससे पहले प्रदेश में 18 नवम्बर को एक, 6 दिसंबर को एक, 13 दिसंबर को 2 और 15, 17 और 21 दिसंबर को भी एक-एक मरीज की मौत हो चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश में पिछले 35 दिनों में करोना से 8 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 8962 लोगों की मौत हो चुकी है।

''यात्रा ऑनलाइन'' पर 2.35 लाख रुपये का हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने फर्जी बिल तैयार कर उपभोक्ता से तीन हजार पांच सौ रुपए अधिक वसूलने पर यात्रा ऑनलाइन प्रा.लि. पर लगाए गई पांच हजार रुपए हर्जाना राशि को बढ़ाकर 35 हजार रुपए कर दिया है। इसके साथ ही आयोग ने विपक्षी पर दो लाख रुपए का अलग से हर्जाना लगाते हुए इस राशि को दो माह में उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराने को कहा है। आयोग ने यह आदेश गौरव नाहटा की अपील पर दिए।

अपील में कहा गया कि अपीलार्थी ने वर्ष 2011 में विपक्षी यात्रा ऑनलाइन से 16 हजार 805 रुपए में टिकट बुक कराई थी। बाद में विपक्षी के हेड ऑफिस से मिली ईमेल से पता चला कि वास्तविक बिल राशि 13 हजार 1 रुपए ही थी। विपक्षी की स्थानीय ब्रांच ने फर्जी बिल बनाकर उससे तीन हजार 507 रुपए की अधिक वसूली की है।

भारतीयों ने पूरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है : शेख अवाद मोहम्मद मुजरीन

जयपुर, (का.सं.)। दुबई में ''भारत गौरव अवार्ड'' आयोजित हुआ। जिसमें देश विदेश की नामी हस्तियों को ''भारत गौरव अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। ''संस्कृति युवा संस्था'' द्वारा यह अवार्ड समारोह वर्ष 2012 से अनवरत जारी है। इस अवार्ड समारोह में भारत, ब्रिटेन, अमेरिका, न्यूजीलैंड, पेरिस, मलेशिया, दुबई सहित कई देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए डायरेक्टर जनरल

- **देश-विदेश की 28 हस्तियों को मिला भारत गौरव अवार्ड**

ऑफ यूएई, एडमिनिस्टर ऑफिसर ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन ट्रेड एट इकोनॉमिक डेवलपमेंट इन दुबई के शेख अवाद मोहम्मद मुजरीन ने कहा कि भारतीयों ने पुरे विश्व में भारत का नाम रौशन किया है। जब भारत को आजादी मिली थी तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन विश्व पटल पर भारतीय इस प्रकार अपनी पहचान बनायेंगे। आज सभी क्षेत्रों में भारतीय लोग अग्रणी भूमिका निभा रहे है और पूरे विश्व में भारतीयों की धाक बढ रही है। यह विचार संस्कृति युवा संस्था की ओर से दुबई की होटल अटलांटिस में भव्य समारोह में कहे।

इस अवसर पर समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में दुबई के एच.एच. शेख जूमा बीन मक्तूम अल मक्तूम के सीईओ एंव सीनियर एडवाइजर मोहम्मद अल बन्ना, इटली के रॉयल फैमली मेम्बर व फैशन आइकन टू द वर्ल्ड कंट्री ऐलेना फेलिक डे बक्सी, अबू धाबी बैंक के हेड ऑफ कैश फर्स्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहमेद अल अली, गिविंग बैक फाउण्डेशन की सीईओ एवं फाउण्डर मीरा गांधी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने कहा है कि हमें तय करना है कि हम अपने देश की माटी से इस प्रकार जुड़े रहें की हमारा अपनापन और भारतीयता लगातार आगे बढे। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के प्रधान संरक्षक लोकेन्द्र सिंह कालवी ने कहा है कि संस्कृति का ये 8वां आयोजन है और संस्कृति ने जयपुर मैराथन और सामाजिक जन आंदोलन और सामाजिक संचेतना का जो कार्य हाथ में ले रखा है वो अनवृत इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा।

इस अवसर पर मिश्रा ने बताया कि अब तक पूर्व के वर्षों में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर, फिल्म स्टार मनोज कुमार, नोबेल प्राइज विजेता कैलाश सत्यार्थी, विश्व की सबसे प्रभावशाली महिला इन्दिरा नूई, जैन संत पुलक सागर, लोकेश मुनि, प्रसन्न सागर, मेजर ध्यानचंद, जी-मेल के आविष्कार षिवा अय्यादुराई, निरजा भेनोत सहित लगभग 200 अप्रवासी भारतीयों को पिछले 8 वर्षों में सम्मानित किया जा चुका है। समारोह के मुख्य व्यक्ता प्रधान संरक्षक लोकेन्द्र सिंह कालवी कहा कि अब भारतीय पूरे विश्व में अपनी धाक जमा रहे है। अब जब हम दुबई में अपने तिरंगे के नीचे खड़े होकर के सम्मानित होते है तो निश्चित रूप अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते है।

नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन

जयपुर। राजस्थान रोड राइडर्स की ओर से साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में कैबिनेट मंत्री डॉ.बीडी कल्ला के मुख्य आतिथ्य में 73 वीं नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का एसएमएस स्टेडियम के साइकिलिंग वेलोड्रोम में उद्घाटन हुआ।

ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन डॉक्टर जी एल शर्मा और सेक्रेटरी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि इस नेशनल चैंपियनशिप में देश के 28 राज्यों से 600 साइकिलिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। सीएफआई के 100 से अधिक ऑफिसर्स चैंपियनशिप की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीये की बैठक



मेरी धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी देवी का दिनांक 22 दिसंबर को निधन हो गया है। तीये की बैठक 25 दिसम्बर को दोपहर 3 से 4 बजे अहिंसा पार्क किसान मार्ग बरकत नगर पर होगी। **शोकाकुल:** रामस्वरूप अग्रवाल (पति) पाडली वाले, दिनेश-विनीता, राजेश-सुनीता, नरेश-सुषमा (पुत्र-पुत्रवधू), यादराम-नारंगी (भतीजा-बहू), मनीष-आशु, आशीष, अभिनव (सुपौत्र), स्व. शांति देवी-भिखनलाल जी (ननद-नंदोई), कमलेश-अनुजजी जयपुरिया (पुत्री-दामाद), स्वाति-सौरभजी, आंचल-सौरभ जी (पौत्री-जवांई), अनूभुति (पौत्री), आध्या (प्रपौत्री), आयुषी, विशाखा (दोहिती), राघव (दोहिता), **पीहरपक्ष:** दामोदरलाल, श्रीकृष्ण, सुरेशचंद भनकपुरा वाले 9828153354, 94135311523, 9414016199

प्रस्तावित उपान्तरण जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्र: जविप्रा/उपा/जोन-7/2021/डी-2701 दि.24.12.21

जविप्रा, जोन-7 क्षेत्र में स्थित जविप्रा, जयपुर की योजना चित्रकूट के भूखण्ड संख्या बी-1/5 क्षेत्रफल 252 वर्गमीटर का श्री हरफूल पंकज पुत्र श्री भैरूराम द्वारा भू उपयोग उपान्तरण आवासीय से मिश्रित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भूखण्ड के पूर्व की ओर भूखण्ड संख्या बी-1/6, पश्चिम की ओर - भूखण्ड संख्या बी-1/4, उत्तर की ओर- सडक 24 मीटर चौडी तथा दक्षिण की ओर- अन्य सम्पत्ति स्थित है। दो राज्य स्तरीय समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका अथवा दैनिक भास्कर एवं एक अन्य राज्य स्तरीय समाचार पत्र के सभी संस्करणों में प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की समयावधि के भीतर उपरोक्त उपान्तरण के सम्बन्ध में आपत्ति/सुझाव निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। (उपायुक्त) उपायुक्त जोन-7

आम - सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य श्री चन्द्रप्रकाश सैनी पुत्र रामनाथ सैनी निवासी - पटेल नगर प्लाट नं. 71 महेश नगर विस्तार के पास, जयपुर (राज.) Mob- 9610527415 का है, जो कि मेरे अभिभाष्य की पुत्री मेघा सैनी मेरे अभिभाष्य के कहने मे नही है ऐसी परिस्थितियों के कारण मेरे अभिभाष्य ने आज दिनांक 24.12.21 को हमेशा के लिए अपनी पुत्री मेघा सैनी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इसलिए आज दिनांक के पश्चात मेरे अभिभाष्य की पुत्री मेघा सैनी निज जीवन से संबंधित कोई भी फैसले लेती है या किसी प्रकार का लेन देन, संव्यवहार या कोई भी कृत्य किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/परिवार/समाज इत्यादि कके साथ करती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य या उसके परिवार की नहीं होगी। सूचित रहें।

कुमकुम शर्मा, एडवोकेट, मो. 9782333911

नाम परिवर्तन

मैं (प्रमोद कुमार सिंह) अपनी पुत्री का नाम आरोही सिंह से बदलकर मृणालिनी कर दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाये। पता-बी-8,9,10, एस.एम. एस. ग्रीन वेली, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर।

मैंने अपना नाम राकेश कुमार शर्मा से बदलकर राकेश शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। राकेश शर्मा पुत्र श्री गुरूचरण शर्मा, 90, शिवा कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर।

खोया-पाया

मेरा जेडीए का आवंटन पत्र डी-3941 प्लॉट न. S-17 की मूल प्रति रास्ते में कहीं गिर गयी है। मिलने पर सम्पर्क करे-यशवंत सिंह S/o गोपाल सिंह विधानसभा सचिवालय योजना धावास, जयपुर।

:: सार्वजनिक विज्ञप्ति ::

सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य दलीप कुमार जांगीड पुत्र श्री मोहन लाल जांगिड, निवासी-104, विष्णु गार्डन, टोंक रोड, सांगानेर, जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं.-1 कुल क्षेत्रफल 301 वर्गगज, स्थित चित्रकूट कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर को मेरा अभिभाष्य श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री मुरारी लाल शर्मा निवासी- 638, बालाजी का रास्ता, रामगंज बाजार, जयपुर से क्रय करना चाहता है। उक्त प्लॉट को सुमन देवी ने श्री सतीश शर्मा पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा, निवासी-चित्रकूट कालोनी, सांगानेर से जरिये विक्रय पत्र विलेख क्रय किया है जिसके संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मेरे अभिभाष्य को 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करें।

भागचन्द सैनी (एडवोकेट) मो.नं.: 9261109770

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स बाबूलाल नरेशचन्द दुकान नं. बी-13, न्यू ग्रेन मण्डी, चांदपोल, जयपुर पंजीयन संख्या 629/73 के भागीदार श्री रवि कुमार जैन पुत्र श्री रमेश चन्द जैन की दिनांक 21.01.2021 को मृत्यु हो जाने के कारण फर्म से रिटायर किया गया है एवं श्री कैलाशचन्द जैन पुत्र स्व. श्री रामजीवन जैन निवासी सी-9, न्यू ग्रेन मण्डी, चांदपोल जयपुर एवं श्री महेन्द्र जैन पुत्र स्व. श्री रामदयाल जैन निवासी सी-9, न्यू ग्रेन मण्डी, चांदपोल जयपुर को नवीन भागीदार नियुक्त किया गया है। सूचित रहे। यदि किसी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स जिला उद्योग केन्द्र जयपुर (शहर) में आपत्ति दर्ज करावें।

वास्ते- बाबूलाल नरेशचन्द्र राजू जैन (पार्टनर)

आम सूचना दिनांक: 24.12.2021

सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य पिंकी बागोरिया पत्नी हर्ष बागोरिया ने अरूण सोल पुत्र स्व. श्री जे.डब्लू.एच. सोल, निवासी फलेट नम्बर जी-1, प्लाट नं. 59, आयुवानसिंह नगर, महारानी फार्म, दुर्गापुरा जयपुर से आवासीय योजना "राधा निकुंज प्रथम" ग्राम बल्लामपुरा उर्फ खेजड़ों का बास, तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित प्लाट नम्बर 64 जिसका कुल क्षेत्रफल 23166 वर्गफिट के तृतीय तल पर निर्मित फ्लेट नं. टी-1 जिसका बिल्डप एरिया 900 वर्गफीट जो कि सुश्री अनीता सोल पुत्री श्री जे.डब्लू. एच. सोल निवासी एल-6-एफ महात्मा गांधी मार्ग, राजस्थान कॉलेज के पीछे, जयपुर के नाम जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र खरीदशुदा है, उक्त अनीता सोल का स्वर्गवास हो चुका है एवं अरूण सोल अनीता सोल का भाई है एवं एकमात्र वारिस है, जिससे मय ताल्लीरात खरीद कर रही है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी पक्ष को किसी प्रकार की आपति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर 07 दिवस मय दस्तावेज व साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मयाद किसी भी प्रकार की आपति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।

गिरिराज शर्मा, एडवोकेट, 57, महावीर नगर II, महारानी फार्म दुर्गापुरा, जयपुर-302018, मो.: 9829437137

श्री महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर

सूचना-समिति की आगरा रोड स्थित खण्डेलवाल वाटिका विस्तार योजना में भूखण्ड संख्या 86 व 87 मोतिया भाटिया व भूखण्ड संख्या 85 शान्तिस्वरूप भाटिया के नाम दिनांक 03.04.1992 को आवंटित किये गये थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 14.9.2015 व 2.5.2015 को हो जाने से इनके वारिसान श्री सोनल व उमेश भाटिया द्वारा भूखण्डों का बेचान दिनांक 20.10.21 को श्री गजानन्द गुप्ता व श्रीमती अनिता गुप्ता को कर दिया जाने पर क्रेताओं द्वारा भूखण्डों का हस्तान्तरण समिति में स्वयं के नाम पर चाहा गया है इस सम्बन्ध में किसी भी दीगर व्यक्ति/संस्था वारिसान को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद भूखण्ड के क्रेताओं के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा। जिसके लिए भविष्य में समिति जिम्मेदार नहीं रहेगी। जरिये मंत्री पता बी-19 सैन कॉलोनी, स्टेशन रोड जयपुर।

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य भुवनेश कुमार सैन पुत्र ओमप्रकाश सैन निवासी 42, ग्रीन टाउन, झोटवाड़ा, जयपुर ने जरिये इकरारनामा दिनांक 10/08/2020 को श्रीमती राजेश कुमारी पत्नी रमेश चन्द गोयल के स्वामित्व का निर्मित आवासीय प्लाट 69-70, श्याम नगर बैनाड रोड, जयपुर का उत्तरी हिस्सा 133.33 वर्ग गज को क्रय करने का करार कर 6,00,000/-रुपये की राशि अदा कर दी गयी है। विक्रेती उक्त सम्पत्ति को अन्य दीगर व्यक्ति, संस्थान को विक्रय करने को आमादा है। यदि कोई व्यक्ति उक्त सम्पत्ति को क्रय करेगा तो विधि अनुसार शून्य एवं निरस्त माना जावेगा एवं क्रेता स्वयं उत्तरदायी होगी। सूचित रहे। (एन.के. गुप्ता) एडवोकेट मो.न. 9828227281

जयपुर, दिनांक 24.12.21

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सत्यनारायण पुत्र जगदीश प्रसाद तम्बोली निवासी म.न. 2014, पितलियो का चौक जौहरी बाजार जयपुर की मोतीडूंगरी रोड़, जयपुर पर स्थित एक दुकान के असल दस्तावेज विक्रय पत्र, नक्शा, जमा रकम की रसीद आदि अन्य दस्तावेज सेशन कोर्ट बनीपार्क में जौहरी बाजार के बीच गिर गये है। यदि किसी व्यक्ति को मिले तो तुरन्त सूचित करें। कोई भी व्यक्ति दस्तावेजात का दूरूपयोग नही करे। सूचित हो।

विष्णु शंकर शर्मा एडवोकेट, मो.न.-9414253494

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 2225/20

विषय: उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थन-पत्र।

प्रार्थी -नाम भुवनभल्ला पुत्र स्व. श्री रविन्द्र भल्ला जाति...विवाद स्थल निवास ब्लाक ई-45, चौरडिया प्राईम विला, मंगलम आगन प्राईम, 200 फीट महिन्द्रा वर्ल्ड सेज, बगरू, महापुरा मृतक प्रेमलता भल्ला की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक :-03-02-2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक नाम प्रेमलता भल्ला पुत्री स्व. श्री सतपाल भल्ला जाति ...... निवासी डी-151 ए, दुर्गा मार्ग बनीपार्क जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे। अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 03 माह 02 सन् 2022 10.30 बजे को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। आज दिनांक 20 माह 12 सन् 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से, वरिष्ठ मुंसरिम (मोहर) जिला एवं सैशन न्यायालय

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक 12818 जाहिर आम सूचना दिनांक 16.12.2021

राजस्थान आवासन मण्डल की योजना प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर में आवास संख्या 52/77 (HIG) (एरिया 84.591 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री काशी प्रसाद श्रीवास्तव को किया जाकर आवंटन पत्र कमांक 2603 दिनांक 20.11.2001 को जारी किया गया। श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दि. 1.8.2011 को उपपंजीयक चतुर्थ जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उक्त आवास को दि.29.8.2011 के द्वारा श्री अनूप दीक्षित पुत्र श्री नरेन्द्र दीक्षित के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उप पंजीयक चतुर्थ जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। अनूप दीक्षित द्वारा उक्त आवास को दि. 13.10.2017 के द्वारा श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री श्रीनारायण शर्मा एवं श्रीमती बीना शर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र उपपंजीयक सांगानेर प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। केता/केती श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री श्री नारायण शर्मा एवं श्रीमती बीना शर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री सुनील शर्मा पुत्र श्री श्रीनारायण शर्मा एवं श्रीमती बीना शर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

सर्व साधारण को सूचना

मेरे अभिभाष्यगण मूलचन्द पुत्र स्व. श्री पांचू राम मीणा उम्र 67 वर्ष एवं जमना देवी पत्नि मूलचन्द मीणा उम्र 65 वर्ष निवासी एच-24, हल्दी घाटी मार्ग, अरिहन्त हाईट के पास, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर (राज.) की ओर से व उनके निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्रान चेतन उम्र 36 वर्ष, गणेश उम्र 34 वर्ष, विनोद 31 वर्ष जो कि तीनों मेरे अभिभाष्यगण दोनो पति पत्नियों के कहने में नहीं है, ना ही मेरे अभिभाष्यगण की सेवा सुश्रुषा करते है, गलत लोगो की संगत सोसाइटी में बैठते उठते है, हमारे कहा नही मानते मन मर्जी से कुछ भी करते रहते है, तीनो अपने नैतिक कृतव्यों का निर्वहन जो मेरे अभिभाष्यगण के प्रति है, उस जिम्मेदारी को नहीं निभाते है, मेरे अभिभाष्यगण से लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा रहते है, हम समझाने के प्रयास करते है तो हमे ही हमारी चल व अचल सम्पत्ति से ऐन केन प्रकारेण वंचित करने की धमकी देते है, जिनको समझाने का हर प्रकार का प्रयास मेरे अभिभाष्यगण के द्वारा किया जा चुका है, परन्तु अपनी गलत आदतो व हरकतो से बाज नहीं आते है, इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अच्छी तरह से सोच विचार कर निर्णय कर लिया है कि मेरे अभिभाष्यगण उक्त तीनों पुत्रों का मेरे अभिभाष्यगण अपनी चल व अचल सम्पत्ति मे किसी भी प्रकार का कोई हक व अधिकार ना तो है, ना ही भविष्य में रहेगा, अर्थात मेरे अभिभाष्यगण उक्त तीनों को उनकी चल व अचल सम्पत्ति से वर्तमान व भविष्य मे प्राप्त होने वाले हक अधिकार से वंचित करते हुए इस आशय की आम सूचना दे रहे है, वर्तमान या भविष्य में इनका मेरे अभिभाष्यगण से व उनकी चल व अचल सम्पत्ति से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहेगा, यदि कोई मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्ति के भरोसे इनसे कोई संव्यवहार करेगा तो स्वयं जिम्मेदार होगा मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पत्ति मे इनका हक व अधिकार नहीं है मेरे अभिभाष्यगण ने चल व अचल सम्पत्ति से इनको इस सूचना के माध्यम से अधिकार विहिन/बेदखल/वंचित कर दिया है। आमजन सूचित रहे।

(Girraj Prasad Gadhwal) Advocate 9929254679

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक :-12868 जाहिर आम-सूचना दिनांक :-20-12-2021

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या 22/A1/12 (एरिया 480.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री दिलीप अग्रवाल पुत्र श्री कल्याण मल अग्रवाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 11989 दिनांक 12.10.2020 को जारी किया गया। श्री दिलीप अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 15.10.2020 को सब रजिस्ट्रार-जयपुर-पंचम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री दिलीप अग्रवाल द्वारा श्री जगदीश चन्द्र जैन पुत्र श्री मूल चन्द जैन को दिनांक 04.12.2020 को उत्तर पश्चिमी भाग 240.00 का मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री जगदीश चन्द्र जैन द्वारा मुख्त्यारआम की हैसियत से उक्त आवासीय भूखण्ड उत्तर पश्चिमी का 240.00 वर्गमीटर दिनांक 30.12.2020 के द्वारा श्री राजीव कुमार पुत्र श्री प्रकाश नारायण के नाम विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र सब रजिस्ट्रार जयपुर-पंचम के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री राजीव कुमार पुत्र श्री प्रकाश नारायण द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवासीय भूखण्ड उत्तर पश्चिमी 240.00 वर्गमीटर का रिकॉर्ड में उप विभाजन एवं पुर्नगठन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के उप विभाजन एवं पुर्नगठन हेतु बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में उप विभाजन एवं पुर्नगठन करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री राजीव कुमार पुत्र श्री प्रकाश नारायण का उप विभाजन एवं पुर्नगठन हेतु नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त प्रथम